महत्वपूर्ण एवं खास

फर्जी दस्तावेज से पैतृक संपत्ति को हड़पा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम बरौदा में फर्जी दस्तावेज से पैतृक संपत्ति को हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर माना कैंप पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरौदा निवासी प्रार्थी संजय बांधे 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके चाचा के लडक़ा आरोपी अश्वनी बांधे ने 1 जनवरी 2004 से 20 जनवरी 2023 के मध्य पैतृक संपत्ति को हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैया कर तहसील कार्यालय में भूमि का नामांतरण कराने के लिए पेश कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

भिलाई निवासी आकाश तोड़ रहे है वर्ल्ड रिकॉर्ड

भिलाई (आरएनएस)। सितम्बर, 2007 में अमेरिका स्थित जेरिमी हार्पर ने 1 से लेकर 1 मिलियन (10 लाख) तक गिनती गिनने का वर्ल्ड रेकॉर्ड सेट किया था। जेरिमी ने वह रेकॉर्ड 89 दिन में सेट किया था। उस रेकॉर्ड को एक 20 वर्षीय युवा भिलाई निवासी, आकाश पिल्ले, जो की अभी मुंबई शहर के ठाकुर कॉलेज के विधयर्थी है, तोड़ रहे है। उन्होने यह रेकॉर्ड नये साल की शुरुआत, 1 जन्वरी 2023, को की थी, और फिलहाल उनका यह रेकॉर्ड तोडऩा जारी है। आकाश यह रेकॉर्ड तोड़ते वक़्त अपने यूट्यूब चॅनेल पर लाइव स्ट्रीम कर रहे है। आशंका है की वह यह वर्ल्ड रेकॉर्ड फ़रवरी तक तोड़ देंगे।

स्वास्थ्य विभाग के 16 कर्मचारियों की सीधी भर्ती को किया गया निरस्त

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के स्वास्थ्य विभाग में सीधी भर्ती के 16 कर्मचारीयों की नियुक्ति को जांच के बाद निरस्त कर दिया गया है, उनमें, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका 06 पद, लैब असिस्टेंट 01 पद, फार्मसिस्ट ग्रेड 02-02 पद, चौकीदार 01 पद, धोबी 02 पद, वार्डआया 01 पद, वार्ड बॉय 02 पद, मेस सर्वेंट 01 पद शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सीएमएचओ सुनील भारती द्वारा सीधी भर्ती में स्वीकृत पद से ज्यादा की भर्ती कर दी गई थी। सीधी भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच टीम बनाकर जांचकरवाई थी, जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी सीएमएचओ अजय रामटेके ने नियुक्ति को निरस्त करने के आदेश जारी किए।

भोपाल आईएएस वीके बाथम ने की केसरा गौठान की सराहना

दुर्ग (आरएनएस)। 20 जनवरी को वीके बाथम आईएएस भोपाल, (म.प्र.) द्वारा जनपद पंचायत पाटन स्थित गौठान केसरा का निरीक्षण व अवलोकन किया गया। गौठान में उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से वर्मी खाद एवं गोबर क्रय के संबंध में जानकारी ली गई। जिसमें लगभग आठ हजार चंटिल गोबर क्रय एवं 2100 चिन्टिल वर्मी खाद विक्रय होना बताया गया। गौठान में स्थित गोबर पेंट निर्माण इकाई का अवलोकन किया गया। साथ ही स्व सहायता समूह द्वारा संचालित व रोपित विभिन्न प्रकार की सब्जियों का अवलोकन किया गया व समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई। मनोबल बढ़ाने तथा अच्छी गुणवत्ता को देखते हुए बाथम ने समूह द्वारा निर्मित कच्ची घनी तेल का क्रय भी किया।

सफाई में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 61 बेस्ट परफार्मिंग वर्कर्स हुए सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 कार्यालय में जोन अध्यक्ष घनष्याम छत्री पार्षद सुश्री कमलेष्वरी वर्मा, सुनील चंद्राकर ने कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वच्छ भारत मिषन के नोडल अधिकारी जोन 8 पी.डी. घृतलहरे, सहायक अभियंता ईष्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जोन 8 के 61 बेस्ट परफार्मिंग वकर्स, सहित अन्य को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र प्रदत्त कर सम्मानित किया गया।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में युवाओं और परंपरागत शिल्पकारों को मिल रहा है रोजगार - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- रीपा में स्थानीय युवकों की मंशा के अनुरूप उद्योग स्थापित किए जाएं
- गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 8 करोड़ 03 लाख रूपए की राशि का अंतरण
- गोधन न्याय योजना से प्रारंभ से गोबर विक्रताओं को अब तक 201 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौठानों में विकसित किए जा रहे 'रूरल इंडस्ट्रियल पार्क' में स्थानीय युवकों की मंशा के अनुसार उद्योग स्थापित किए जाएं, इससे युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी, यह भी ध्यान रखा जाए कि तैयार किए जा रहे उत्पादों की बाजार में अच्छी डिमांड हो। उन्होंने कहा कि गौठानों में ऐसे उद्योग स्थापित हो रहे है, जिनसे प्रदूषण नहीं होता। युवाओं और परंपरागत शिल्पकारों को इसमें रोजगार मिल रहा है। बघेल ने प्रदेश में धान की अच्छी पैदावार और धान के समर्थन मूल्य पर बड़े पैमाने पर विक्रय के लिए किसानों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 8 करोड़ 03 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नए-नए रिकार्ड बन रहे हैं। अब तक 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हो चुकी है, 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य भी पर हो जाएगा। गोधन न्याय योजना में गोबर विक्रेताओं को योजना के प्रारम्भ से लेकर आज दी गई 60 वीं किश्त को मिलाकर 201 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री बघेल ने 1 जनवरी से 15 जनवरी तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.13 लाख क्विंटल गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 27 लाख रूपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को 2.23 करोड़ रुपए और महिला समूहों के खाते में 01 करोड़ 53 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 20 जुलाई 2020 से गोधन योजना की शुरुआत हुई।योजना में 2 रुपए प्रति किलो की दर से अब तक 100.86 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई। गोबर विक्रेताओं को अब तक किया गया 201.72 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 175.64 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को अब तक 395.35 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस पखवाड़े भी स्वावलंबी गौठानों ने गोबर खरीदी में अधिक राशि दी। इस बार भी 1 से 15 जनवरी 2023 पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठानों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.27 करोड़ रुपए की राशि में से 2.52 करोड़ रुपए का भुगतान 4690 स्वावलंबी गौठानों ने अपने संसाधनों से और 1.75 करोड़ रूपए का भुगतान कृषि विभाग द्वारा किया गया। स्वावलंबी गौठनों द्वारा अब तक 37.71 करोड़ रुपए के गोबर की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के साथ साथ गोबर से बिजली और प्राकृतिक पेंट तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर में 2, दुर्ग और कांकेर जिले में 01-01 प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट में उत्पादन शुरू हो रहा है। अब तक 9709 लीटर उत्पादित प्रकृतिक पेंट में से 4854 लीटर की बिक्री से 11 लाख 19 हजार 903 रुपए की आमदनी हुई। गौठनों में अब तक 4 रुपए लीटर में खरीदे गए 1 लाख 20 हजार 171 लीटर गौमूत्र से बनाए गये कीटनाशक ब्रम्हास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत की बिक्री से महिला स्व सहायता समूहों को हुई 23.98 लाख रूपए की आय हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरा दान की अपील पर किसानों ने गौठनों में किया 15.68 लाख क्विंटल पैरा दान किया। उन्होंने इसके लिए किसानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोबर से अब तक 27 लाख क्विंटल से अधिक कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया। गोधन न्याय योजना से 3 लाख 98 हजार से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं। राज्य में स्वीकृत 10 हजार 921 गौठनों में से 9596 गौठान निर्मित हो चुके हैं। गौठनों में आय मूलक गतिविधियों से महिला स्व-सहायता समूह को अच्छा लाभ हो रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला समूहों ने आयमूलक गतिविधियों से अब तक 105.18 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है। गौठनों में 11 हजार 477 महिला स्व-सहायता समूहों की 1 लाख 31 हजार 898 महिलाएं कार्यरत हैं।

रायपुर में आयोजित तीसरे रोजगार मेले में 116 उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र

- सांसद सुनील सोनी ने नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्मयोगी बनने का किया आह्वान

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, साइंस कॉलेज परिसर में 20 जनवरी, 2023 को आयोजित तीसरे रोजगार मेले में 116 नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। रायपुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रायपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद, सुनील सोनी ने 25 उम्मीदवारों को और रायपुर स्थित भारत सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने 91 नवनियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वीर बिरसा एक्का, मुख्य आयकर आयुक्त, रायपुर के अलावा विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस असवर पर नवनियुक्त उम्मीदवारों को बधाई देते हुए सांसद सुनील सोनी ने आकर्षक कर्मयोगी बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार युवाओं को बेहतर अवसर और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सुनील सोनी और वीर बिरसा एक्का द्वारा दीप प्रज्जवलन कर तीसरे रोजगार मेले का शुभारम्भ किया गया। अंत में एस.के.मीणा, आयकर आयुक्त, रायपुर द्वारा धन्यवाद और आभार प्रदर्शन किया गया।

40 मेधावी बच्चों को नीट और जेईई की परीक्षाओं की तैयारी के लिए किया गया टेबलेट का वितरण

रायपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले के 40 मेधावी बच्चों को नीट और जेईई की परीक्षाओं की तैयारी के लिए टेबलेट का वितरण किया गया। परीक्षा के माध्यम से मेधावी बच्चों के चयन के उपरांत शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर जिला प्रशासन, नीति आयोग, बाइजुस और आकाश द्वारा यह टेबलेट प्रदान किया गया। वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा, सहायक परियोजना समन्वयक अशोक पांडे, आरफा वेलफेयर फ उंडेशन की महफूजा हुसैन, बायजुस की जिला फैलो प्रभज्योत कंबो उपस्थित थीं।

शिक्षकों ने जाना स्वस्थ जीवन शैली के लिए योगाभ्यास का महत्व

- योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर (आरएनएस)। शिक्षकों को स्वस्थ जीवन शैली और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली का महत्व समझाने और योगासनों की जानकारी के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था के द्वारा रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह ग्रामीण विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र में संभागीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों से आए लगभग 106 शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के चौथे दिन को योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा शिक्षकों को योग का महत्व समझाया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण केन्द्र में बस्तर, बिलासपुर, अंबिकापुर तथा रायपुर संभाग के शासकीय स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है।

चोरों ने टेलीकॉम कंपनी के टॉवर का पावर केबल काटा, मोबाइल कनेक्टिविटी बाधित

कोरबा (आरएनएस)। जिले में निजी टेलीकॉम टॉवर इन दिनों चोरों के निशाने पर बने हुए हैं। लगातार हो रही घटनाओं के बीच चोरों के गिरोह ने पिछली रात एक बजे उमरेली गांव के सडक़पारा में स्थित आइडिया के टॉवर के पावर केबल को काट दिया। इसे समेटने से पहले लोगों की हलचल होने पर चोर भाग खड़े हुए। मामले के बारे में उरगा पुलिस को अवगत कराया गया है। चोरों के द्वारा की गई इस करतूत के चलते नेटवर्किंग एरिया में मोबाइल कनेक्टिविटी बाधित हो गई। कंपनी के तकनीकी अमले के द्वारा आवश्यक कोशिश करने के साथ व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि उमरेली क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही है। इससे पहले टॉवर के आसपास से कई सामानों को पार किया गया था। अबकी बार चोरों पॉवर केबल को काटा। ले जाने से पहले कर्मियों और अन्य लोगों की आहट के कारण चोर मौके से भाग खड़े हुए। पॉवर केबल काटे जाने से कवरेज क्षेत्र से संबंधित क्षेत्र प्रभावित हुई है। संबंधित विकल्प अपनाने के साथ उसे दुरूस्त किया जा रहा है। इससे पहले उरगा, रजगामार, आईटीआई रामपुर, बालकोनगर और मुड़ापार क्षेत्र में मोबाइल कंपनियों के टॉवर से पावर केबल, डीजल, बैटरी बैंक सहित कई सामानों की चोरी की जा चुकी है। घटनाओं की पूरी जानकारी पुलिस को दिए जाने के बावजूद आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने दर्शकों के साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आनंद उठाया

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का चक्कर लगाया, दर्शकों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला और मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का चक्कर लगाया, दर्शकों का अभिवादन किया। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच का आयोजन हो रहा है। आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जा रहा है। मुख्यमंत्री दर्शकों के साथ मैच का ले रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत भी मुख्यमंत्री बघेल के साथ मैच देख रहे हैं।

मुख्यमंत्री 26 जनवरी को करेंगे पक्षी विहार का उद्घाटन

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिला मुख्यालय के लामनी पार्क में 50 लाख की लागत से पहला पक्षी विहार बनाया गया है। यहां पक्षियों की कुल 30 प्रजातियों को रखा जाएगा। इनमें देसी और विदेशी दोनों पक्षी शामिल हैं। फिलहाल 300 पक्षियों को लाकर रखा गया है। 26 जनवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस पक्षी विहार का उद्घाटन करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लामनी पार्क में बनाए गए इस पक्षी विहार में जिन पक्षियों को रखा जाएगा, उन्हें देखने के लिए पर्यटकों को टिकट लेना पड़ेगा। इसके लिए अलग से टिकट काउंटर की भी व्यवस्था की गई है। हालांकि प्रति व्यक्ति टिकट कितना होगा यह अभी स्पष्ट नहीं है। इस पार्क में कैक्टस गार्डन भी बनाया गया है,जो यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। कई तरह के कैक्टस यहां मौजूद हैं। अब पक्षी विहार बनने से लोगों में यहां आने उत्सुकता बढ़ेगी।

लामनी जैव विविधता पार्क के संचालक और फॉरेस्ट रेंजर देवेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले करीब 03 सालों से शहर के इस पार्क में पक्षी विहार बनाने का काम किया जा रहा है। वर्तमान में यहां हिरण और हंस को रखा गया है। अब देशी-विदेशी नस्ल के रंग-बिरंगे पक्षियों को रखा जाएगा। इस पार्क में सालभर पर्यटकों की भीड़ रहती है। उन्होंने बताया कि, पर्यटन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। फिलहाल बेंगलुरु से 300 पक्षियों को यहां लाया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानेंकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्बन्ध उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंधे 146 जोड़े

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना
- विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने नव-दंपत्तियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के 146 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयुष कॉलेज परिसर मरवाही में वैदिक मंत्रोच्चारण, सामाजिक रीति-रिवाज और पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत थी। समारोह की अध्यक्षता विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने की।

डॉ. महंत ने नवविवाहित वर-वधुओं को बधाई देते हुए कहा कि गरीब परिवार के ऐसे लोग जो अपने पुत्र-पुत्री का धूम-धाम से विवाह नहीं कर पाते थे, उनके लिए सामूहिक कन्या विवाह योजना वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस योजना के तहत राशि 15 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दी है। इससे गरीब परिवारों की बेटियों की चिंता दूर हो गई है। विशिष्ट अतिथि सांसद ज्योत्सना महंत ने भी वर वधुओं के लिए सुखी, प्रसन्न और अच्छे जीवन यापन की कामना की। विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने सभी अतिथियों, वर-वधुओं और उनके परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों को मदद मिल रही है। उन्होंने सभी वर-वधुओं के सुखमय जीवन की मंगल कामना की।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सभी वर वधुओं को परिधान, उपहार सामग्री और विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने सभी वर वधुओं को अपनी ओर से उपहार स्वरूप वस्त्र (शर्ट-साड़ी) और भगवान राम दरबार की फोटो भेंट की। राइस मिल व्यापारी संघ की ओर से भी सभी नव दंपत्तियों को ब्लैंकेट भेंट किया गया। समारोह में राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव सहित कई जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिले के अधिकारी-कर्मचारी सहित वर-वधुओं के माता-पिता, रिश्तेदार और नागरिक उपस्थित थे।